तापमान

अधिकतम 43.0 डिग्री

न्यूनतम 28. 0 डिग्री

# हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरूवार, 21 मई 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



कार्यकर्ताओं को दी गई पार्टी की रीति-नीति व सिद्धांत की जानकारी

4




## खबर संक्षेप

### सेवाकर्ता इकाइयों के चयन प्रक्रिया को आगामी आदेश तक स्थगित

**जांजगीर-चांपा।** जिला प्रभारी क्रेडा ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) जोनल कार्यालय रायगढ़ के माध्यम से रूचि की अभिव्यक्ति अंतर्गत सेवाकर्ता इकाइयों के चयन हेतु जारी विज्ञापन में उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा पारित स्थगन आदेश एवं क्रेडा प्रधान कार्यालय से प्राप्त निर्देश के पालनार्थ रूचि की अभिव्यक्ति अंतर्गत सेवाकर्ता इकाइयों के चयन प्रक्रिया को आगामी आदेश तक स्थगित किया गया है।

### सराईपाली में आयोजित शिविर स्थगित, अब 25 को होगा

**जांजगीर-चांपा।** जनजातीय गरिमा उत्सव जन भागीदारी अभियान ''सबसे दूर सबसे पहले'' अंतर्गत ग्राम सराईपाली, विकासखंड अकलतरा में आयोजित होने वाले शिविर की तिथि में संशोधन किया गया है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि 18 से 25 मई तक जनजातीय गरिमा उत्सव जन भागीदारी अभियान आयोजित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 22 मई को विकासखंड अकलतरा के ग्राम सराईपाली में उक्त शिविर आयोजित किया जाना था, निर्धारित तिथि को ग्राम कापन विकासखंड अकलतरा में सुशासन तिहार आयोजित होने के कारण ग्राम सराईपाली विकासखंड अकलतरा में आयोजित शिविर को स्थगित करते हुए उक्त शिविर 25 मई को आयोजित किया जाएगा।

### शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन के लिए 28 तक आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के प्रावधानों के तहत अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अकलतरा ने नगर पालिका अकलतरा क्षेत्र के शासकीय उचित मूल्य दुकान अकलतरा दुकान और विकासखंड अकलतरा के ग्राम कोटमीसोनार के नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान कोटमीसोनार व शासकीय उचित मूल्य दुकान कोटमीसोनार दुकान के आबंटन के लिए 28 मई तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अकलतरा ने बताया कि नगर पालिका अकलतरा एवं विकासखंड अकलतरा के ग्राम कोटमीसोनार अंतर्गत समस्त स्व सहायता समूह, सेवा सहकारी समिति आदि से शासकीय उचित मूल्य दुकान प्राप्त करने हेतु इच्छुक संस्था, समूह निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र के साथ-साथ संलग्न के रूप में संस्था, समूह का पंजीयन प्रमाण पत्र वर्तमान माह से विगत एक वर्ष तक के बैंक खाता स्टेटमेंट की छायाप्रति, संस्था व समूह की छायाप्रति के साथ 28 मई शाम 5 बजे तक आवेदन पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। समय अवधि के पश्चात प्रस्तुत आवेन पत्र पर कोई विचार नही किया जावेगा।

### ई फार्मेसी के लिए सख्त नियम एवं निगरानी की कर रहे मांग

# आनलाइन दवा कारोबार के विरोध में नहीं खुले मेडिकल स्टोर्स के ताले





हडताल के चलते बंद रहे शहर के मेडिकल स्टोर्स।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

आनलाइन दवा बिक्री, भारी डिस्काउंट और प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पर रोक लगाए जाने की मांग को लेकर जिले में मेडिकल संस्थाने बुधवार को बंद रही। मेडिकल स्टोर्स के ताले दिन भर बंद रहे। जिसके कारण जरूरतमंद लोगों को जीवनदायिनी दवा पाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

गौरतलब है कि जांजगीर चांपा जिले में 7 सौ से अधिक मेडिकल संस्थानों का संचालन किया जा रहा है। बुधवार 20 मई को अखिल भारतीय केमिस्ट संगठनों द्वारा राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आहवान किया गया था। इसका जिले में व्यापक असर देखने को मिला। जांजगीर चांपा जिले के पामगढ़, अकलतरा, नवागढ़, बम्हनीडीह सहित अन्य क्षेत्रों की मेडिकल दुकानें आनलाइन दवा कारोबार के विरोध में बंद रही। जिसके कारण लोगों को मेडिकल दुकानों से दवा पाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि गंभीर परिस्थितियों से प्रभावित मरीजों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर दवा के लिए व्यवस्था बनाई गई थी। दवा व्यापारियों के अनुसार यह हड़ताल ऑनलाइन दवा बिक्री, कॉर्पोरेट कंपनियों द्वारा भारी छूट देकर बाजार प्रभावित करने और नकली दवाओं के कारोबार के विरोध में की जा रही है। केमिस्ट संगठनों का कहना है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और बड़ी कंपनियों द्वारा अत्यधिक डिस्काउंट देकर दवा बेचने से छोटे व्यापारियों का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है, वहीं बिना पर्याप्त नियंत्रण के ऑनलाइन बिक्री से मरीजों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ सकती है। मांगों में मुख्य रूप से दवाइयों की ऑनलाइन बिक्री बंद करने, कॉर्पोरेट कंपनियों द्वारा दी जा रही भारी छूट पर रोक लगाने और नकली दवाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। संगठन ने संबंधित नियमों को वापस लेने की भी मांग उठाई है। छत्तीसगढ़ केमिस्ट एंड ड्रिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन तथा जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन, जांजगीर-चांपा के पदाधिकारियों द्वारा जिले में संचालित मेडिकल दुकानों को बंद कराया गया। व्यापारियों का कहना है था कि यह आंदोलन सिर्फ व्यापारियों के हित के लिए नहीं बल्कि मरीजों की सुरक्षा और दवा व्यवस्था को व्यवस्थित रखने के उद्देश्य से किया गया।

### दवा दुकानें बंद रहने से मरीज हुए परेशान

**चांपा।** चांपा को जांजगीर चांपा जिले के मेडिकल हब के रूप में जाना जाता है। यहां सर्वाधिक क्लीनिक और मेडिकल स्टोर्स है। बुधवार 20 मई को चांपा शहर के मेडिकल स्टोर बंद रहने से मरीजों और आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। ऑनलाइन दवा बिक्री और भारी डिस्काउंट के विरोध में ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आह्वान पर सभी मेडिकल स्टोर्स बंद रहे। मेडिकल स्टोर बंद रहने से खासकर बुजुर्ग, शुगर, बीपी और अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को भटकना पड़ा।

# शहर समेत ग्रामीण अंचलों में लगातार गिर रहा जल का स्तर

### निस्तारी सहित मवेशियों को पानी के लिए हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के शहर सहित ग्रामीण अंचल में लगातार जल का स्तर गिर रहा है। जिसके चलते एक और जहां मवेशियों को पानी के लिए समस्या हो रही है। वही लोगों को स्नान कपड़े धोने सहित अन्य मूलभूत समस्याओं से जूझना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि जिले की ग्रामीण सहित शहरी क्षेत्र में पानी की विकट समस्या हो रही है। भूमि से जल का स्तर लगातार कम होता चला जा रहा है। बलौदा, नवागढ़, पामगढ़, अकलतरा, शिवरीनारायण सारागांव, खरौद क्षेत्र में तालाब में पानी पहले की अपेक्षा काफी कम हो गया है। साथ ही साथ हैंडपंप से भी पानी नहीं निकल पा रहा है। ऐसे में लोगों को पानी निस्तार की समस्या से जूझना पड़ रहा है। जांजगीर चांपा जिले में 30 अप्रैल के बाद से नहर की धार बंद हो गई है। नहर चलने के दौरान तालाब एवं नाला भरने की ओर संबंधित लोगों द्वारा ध्यान नहीं दिया गया। जिसका खामियाजा भीषण गर्मी के दिनों में लोगों को भुगतना पड़ रहा है। पेयजल की समस्या आने वाले दिनों में और भी बढ़ जाएगी। एक ओर जहां राज्य शासन के जल संसाधन विभाग के द्वारा शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोग पानी की समस्या से परेशान ना हो इस बात को लेकर समय-समय पर पर्याप्त मात्रा में नहर में पानी छोड़ा जाता है, लेकिन उसे दौरान पानी भरने को लेकर ध्यान नहीं दिया जाता। भीषण गर्मी के चलते लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है वहीं पेयजल समस्या ने परेशानी और भी बढ़ा दी है। शासन के द्वारा लोगों को बेहतर पेयजल पहुंचने के नाम पर करोड़ों रुपए की राशि खर्च की जाती है। वहीं दूसरी ओर भीषण गर्मी के दिनों में लोगों को पेयजल जैसे समस्या से जूझना पड़ता है। शिवरीनारायण, खरौद, जांजगीर, चांपा, अकलतरा सहित अन्य शहरी क्षेत्र में सुबह 5 बजे से ही लोगों की लाइन नल कनेक्शन वाली जगह पर देखी जा सकती है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में भी हैण्डपंप में कतार लग रही है।



तालाब का घटता जल स्तर।

### सफेद हाथी साबित हो रही पानी टंकी

जल जीवन मिशन योजना के तहत जांजगीर जिले के 400 से अधिक गांव में लोगों के घरों तक साफ पानी पहुंचाने करोड़ों रुपए खर्च किए गए है। गांव गांव में पानी की टंकी बनाई गई है। योजना के तहत लोगों के घरों तक नल का कनेक्शन तो पहुंच गया लेकिन पानी नहीं मिल पा रहा है। ग्राम पंचायतों में बनी लाखों की पानी टंकी सफेद हाथी साबित हो रही है।

#### बनाई जाएगी व्यवस्था

पेयजल व्यवस्था को लेकर संबंधित क्षेत्र के जिम्मेदार लोगों को कहा गया है, जहां समस्या आएगी। वहां पर पेयजल संकट से निपटने व्यवस्था बनाई जाएगी।

-ज्ञानेंद्र ठाकुर,
अपर कलेक्टर
जांजगीर चांपा

# नर्सरी में मनमाने ढंग से पेड़ की कटाई का ग्रामीणों ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

मालखरौदा ब्लाक के ग्राम पंचायत भूतहा के नर्सरी में मनमाने पेडों की कटाई को लेकर ग्रामीणों ने विरोध जताया है। इस संबंध में संबंधितों पर कार्रवाई की मांग की गई है।

ब्लाक अंतर्गत आने वाले भुतहा के उप सरपंच तथा आधा दर्जन ग्रामीणों ने हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन उपसंचालक उद्यान विभाग को सौप था। जिसमें उन्होंने शिकायत किया था कि शासकीय उद्यान रोपणी भूतहा, मालखरौदा में कार्यरत उद्यान अधीक्षक के द्वारा नर्सरी में बिना नियम कानून एवं मनमाने ढ़ग से पेड़ की कटाई कर उसे बेच दिया गया था। अधीक्षक के द्वारा कार्य में मनमानी की जा रही है। मनरेगा में बिना काम कराए मजदूरों का हाजरी भर रहे है। निजी कार्य हेतु सरकारी मजदूरों से कार्य कराया जाता है, कार्य नहीं करने पर कार्य से निकालने की धमकी दी जाती है। उपसंचालक द्वारा उपरोक्त शिकायतों की जांच हेतु 16 अप्रैल को चार सदस्य का विभागीय जाँच समिति गठन किया गया था जिन्हें तीन दिवस के विचार जांच कर प्रतिवेदन जमा करने को कहा गया था। जांच टीम में जागेश्वर राठिया, हृदय राम राठिया, सुरेश अजगल्ले खिरोद कुमार बारीक शामिल थे। जांच टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर शिकायतकर्ताओं का बयान लेकर प्रतिवेदन तैयार कर प्रतिवेदन की कॉपी उपसंचालक उद्यान विभाग सक्ती को सौंप दिया था। शिकायतकर्ता विनोद चंद्र उप सरपंच भुतहा का कहना है कि उसके द्वारा किसी प्रकार से लिखित में शिकायत वापस नहीं लिया गया है। वहीं जांच टीम के सदस्य जागेश्वर राठिया का कहना है कि जांच प्रतिवेदन उपसंचालक उद्यान विभाग को को सौंप दिया गया है।

#### मिला है प्रतिवेदन

शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत वापस ले लिया गया है। इस बात की जानकारी लिखित में जांच टीम द्वारा जांच प्रतिवेदन में दिया गया है। ऐसे में हम क्या कार्रवाई कर सकते हैं।

-संजना बंजारे,
उपसंचालक
उद्यान विभाग सक्ती

### डीएपी के स्थान पर अन्य वैकल्पिक उर्वरकों का किसान करें उपयोग

**जांजगीर-चांपा।** बेहतर फसल उत्पादन के लिए भी संतुलित उर्वरक का उपयोग अत्यंत आवश्यक है। खरीफ की मुख्यतः फसल धान की अच्छी पैदावार के लिए भी संतुलित उर्वरकों जैसे यूरिया, डी.ए.पी., सुपर फॉस्फेट, पोटॉश, एन.पी.के. का संतुलित मात्रा में उपयोग करना बहुत जरूरी है। वर्तमान में डी.ए.पी. के दूसरे देशों से आयात पर निर्भरता से होने वाली डी.ए.पी की कमी को देखते हुए कृषि विभाग द्वारा किसानों को डी.ए.पी. के स्थान पर अन्य दूसरे उपलब्ध वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग की सलाह दी जा रही है।

# दो बोर होने के बावजूद आईटीआई में गहराया जल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मालखरौदा में जल संकट गहरा गया है। आईटीआई में 2 बोर होने के बावजूद विद्यार्थी पानी के लिए तरस रहे है। भीषण गर्मी में लगातार गिरते जल स्तर के कारण यहां हालात बिगड़ गए है।

- गर्मी में वॉटर लेबल डाउन होने से बिगडे हालात

ब्लाक मुख्यालय में संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था पिछले तीन महीने से पानी की समस्या से जूझ रहा है। बताया जा रहा है वर्तमान में यहां दो बोर है जो कि 250 फीट गहरा है। इसके बावजूद वाटर लेवल डाउन हो चुका है। वही आईटीआई में 200 के लगभग प्रशिक्षु छात्र-छात्राएं आईटीआई के कोपा, इलेक्ट्रीशियन, फीटर ट्रेड में प्रशिक्षण ले रहे हैं। इसके अलावा लगभग दर्जन पर स्टाफ भी पानी की समस्या से जूझ रहा है। पेड़ पौधे सूख चुके हैं तो छात्र-छात्राएं बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे यहां तक की वॉशरूम का हालत भी काफी खराब हो चुकी है। पानी की कमी के चलते नियमित सफाई नहीं हो पा रही है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस संबंध में उनके द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मालखरौदा को आवेदन भी दिया जा चुका है। बावजूद पानी की समस्या को हल करने के लिए अभी तक किसी प्रकार का कोई पहल होता नजर नहीं आ रहा है। विभाग के द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए पेय जल की व्यवस्था नहीं कर पाना यह घोर लापरवाही है। हालांकि पेयजल के लिए आईटीआई के अधिकारियों द्वारा चार-पांच मटका का व्यवस्था किया गया है लेकिन वह पर्याप्त नहीं है। इसके चलते बच्चे आईटीआई के बाहर पीने के पानी के लिए पानी बोतल लेकर पहुंच रहे हैं।



#### दी गई है जानकारी

पानी की कमी के लिए अनुविभागीय अधिकारी मालखरौदा एवं वीरभाठा एवं मालखरौदा के सरपंच को ज्ञापन दिया गया है।

-श्रीमती राखी मिश्रा,
प्रभारी प्राचार्य
आईटीआई मालखरौदा

# खड़े ट्रक से बैटरी चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, पूर्व में भी जा चुका है जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

खड़ी ट्रक से बैटरी चोरी करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि आरोपी पूर्व में भी अनेक मामलों में जेल की सजा काट चुका है। मामला चांपा थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चांपा निवासी अक्षत तिवारी ग्लोबल रोड कैरियर में मैनेजर के रूप में कार्यरत हैं तथा कार्यालय परिसर के पीछे ही निवास करते हैं। 20 मई की सुबह लगभग 9 बजे जब वे प्रतिदिन की तरह कार्यालय पहुंचे, तब ट्रांसपोर्ट ऑफिस के सामने खड़ी डाला बॉडी ट्रक क्रमांक सीजी 12 एस 5566 से आवाज आने पर उन्होंने मौके पर जाकर देखा कि ट्रक की सीट पलटी हुई थी और एक व्यक्ति ट्रक की बैटरी चोरी कर ले जा रहा था। आरोपी की मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 11 एयू 8152 भी मौके पर खड़ी मिली। घटना की सूचना तत्काल थाना चाम्पा में दी गई, जिस पर पुलिस ने धारा 303 (2) तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की। जांच के दौरान गवाहों एवं प्रार्थी के कथनों के आधार पर आरोपी की पहचान अजय अनंत उम्र 35 वर्ष निवासी कोटाडबरी थाना चाम्पा के रूप में की गई। पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी ने ट्रक से बैटरी चोरी करना स्वीकार कर लिया। आरोपी पूर्व में भी अन्य मामलों में जेल जा चुका है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया। थाना प्रभारी चाम्पा निरीक्षक अशोक वैष्णव सहित स्टाक का योगदान रहा।



बैटरी के साथ पुलिस गिरफ्त में आरोपी

### पूर्व नेता प्रतिपक्ष, विधायक एवं अफसरों ने वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# कानून व्यवस्था मजबूत बनाने मिले 10 नए डॉयल 112 पेट्रोलिंग वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में कानून व्यवस्था मजबूत बनाने के साथ साथ शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों को शीघ्र सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 10 नए डॉयल 112 पेट्रोलिंग वाहन मिले है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष, विधायक, कलेक्टर एवं एसपी ने वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

बुधवार 20 मई को जिला पुलिस को कानून - व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं आमजन को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने हेतु 10 नए डायल 112 वाहन तथा 01 हाईवे पेट्रोलिंग वाहन आबंटित किए गए हैं। डायल 112 नवीन वाहनों को 20 मई को शाम कलेक्टर जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय सहित जनप्रतिनिधियों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय जांजगीर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों एवं जीवीके चालकों की उपस्थिति में नए वाहनों का शुभारंभ किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इन वाहनों के शामिल होने से जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने, आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया देने तथा पीड़ित एवं आहत पक्ष तक शीघ्र पुलिस सहायता पहुंचाने में काफी मदद मिलेगी।डायल 112 एवं हाईवे पेट्रोलिंग के लिए प्राप्त आधुनिक वाहनों के माध्यम से अब जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस की पहुंच और अधिक प्रभावी एवं तेज होगी। इससे आम नागरिकों को आपात स्थिति में शीघ्र सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी। इस अवसर पर शेषराज हरवंश पामगढ़ विधायक, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, जिला पंचायत सभापति राजकुमार साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप, डीएसपी मुख्यालय विजय पैकरा, सीएसपी योगिताबाली खापर्डे, डीएसपी सतरूपा तारम, रक्षित निरीक्षक प्रदीप कुमार जोशी एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



डायल 112 वाहन की पूजा अर्चना करते पूर्व नेता प्रतिपक्ष, विधायक व अफसर




खबर संक्षेप

## निवारण शिविर में प्राप्त हुए 1371 आवेदन

**कोरबा।** ग्राम पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम लेपरा में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उपस्थित होकर विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ लिया। शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई तथा पात्र ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ उठाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। ग्रामीणों ने भी अपनी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। मत्स्य, पंचायत, राजस्व, खाद्य विभाग द्वारा हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। शिविर में ग्रामीणों को शासन की विविध योजनाओं से संबंधित सामग्री और सेवाएँ प्रदान की गईं। स्वच्छता, पोषण, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, मनरेगा तथा अन्य विभागों द्वारा आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। शिविर में कुल 717 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 187 आवेदनों का निराकरण स्थल पर ही कर दिया गया। शेष आवेदनों को संबंधित विभागों को अग्रेषित करते हुए शीघ्र समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में लमना, बंजारी, मड़ई, बनिया, परला, लाद, घुंचापुर, पोड़ीखुर्द, रोदे, चोटिया, आमाटिकरा ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों की भी महत्वपूर्ण भागीदारी रही।

## उप निर्वाचन वाले क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण

**कोरबा।** छग राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार 19 मई में होने वाले नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम/उप निर्वाचन हेतु जांजगीर-चांपा के अपर कलेक्टर श्रानेन्द्र सिंह ठाकुर को जिले का सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। सामान्य प्रेक्षक श्री ठाकुर ने विकासखण्ड करतला के अंतर्गत उप-निर्वाचन वाले क्षेत्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम पंचायत लबेद, केराकछार, घांठाद्वारी व बरकोना (प्रत्येक में 1 पंच पद), सलिहाभांठा (1 सरपंच पद) तथा जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 24 के अंतर्गत उमरेली, अमलडीहा, सुखरीकला और सुखरीखुर्द के मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन किया। निरीक्षण के दौरान प्रेक्षक ने प्राप्त नाम-निर्देशन पत्रों का बारीकी से अवलोकन किया और संवीक्षा की प्रक्रिया में स्वयं मौजूद रहे। इसके बाद उन्होंने स्ट्रांग रूम, निर्वाचन सामग्री वितरण एवं वापसी स्थल, मतगणना केंद्र तथा मतदान केंद्रों का आयोग के निर्धारित मापदंडों के अनुरूप निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## जनजाति गरिमा उत्सव-जनभागीदारी अभियान 25 तक

**कोरबा।** जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत जनजाति गरिमा उत्सव-जनभागीदारी अभियान 18 से 25 मई तक आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष अभियान का मुख्य थीम सबसे दूर, सबसे पहले निर्धारित किया गया है। जिले के कुल 478 ग्राम इस विशेष धरती आबा योजना के लिए चयनित किए गए हैं। कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक आयोजित हुई। कलेक्टर श्री दुदावत ने जिले के 478 धरती आबा ग्रामों में 18 से 25 मई तक चलने वाले अभियान की व्यापक समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को दायित्वों का समुचित एवं समयबद्ध निर्वहन करने के निर्देश दिए। अभियान के तहत ग्राम स्तर पर संतृप्तिकरण शिविर, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, जनसुनवाई, जागरूकता कार्यक्रम, ट्रांसेक्ट वॉक और जनजातीय गरिमा उत्सव आयोजित किए जाएंगे। साथ ही आदि प्रसारण पोर्टल पर प्रतिदिन अभियान से संबंधित फोटोग्राफ एवं वीडियो अपलोड करने के निर्देश भी प्रदान किए गए हैं। यह अभियान जनजातीय समुदायों तक योजनाओं का संतृप्तिकरण सुनिश्चित करने और सहभागिता आधारित विकास को नई दिशा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# आईटीआई प्रशिक्षण संस्थान में सोलर एनर्जी जैसे नए ट्रेड की दरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले में संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में नए ट्रेड की दरकार बनी हुई है। सैकड़ों की संख्या में प्रवेश लेने वाले छात्रों को पुराने ट्रेड में ही प्रशिक्षण लेना पड़ रहा है। वर्तमान में चल रहे सोलर एनर्जी जैसे ट्रेड के लिए आईटीआई से प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। इस पर अब तक स्वीकृति नहीं मिली है।

औद्योगिक उपक्रमों के यहां संचालित विभिन्न तकनीकी क्षेत्रों के लिए आईटीआई होल्डर युवाओं की जरूरत को जिले के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पूरा करने की ताकत रखते हैं। यह अलग बात है कि किसी भी औद्योगिक उपक्रम ने किसी भी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन नहीं किया है। जिसके वजह से जिले के आईटीआई से निकलने वाले तकनीकी रूप से दक्ष युवाओं को जिले के ही औद्योगिक उपक्रमों में बड़े पैमाने पर रोजगार नहीं मिल पा रहा है। वर्तमान में सोलर एनर्जी का चलन ज्यादा है। जिसके लिए तकनीकी रूप से दक्ष युवाओं की जरूरत सोलर एनर्जी के क्षेत्र में बनी हुई है। इसे देखते हुए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कोरबा के साथ पाली के द्वारा राज्य शासन को सोलर एनर्जी जैसे ट्रेड औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में शुरू करने का प्रस्ताव 2 वर्ष पूर्व भेजा गया था।

### दो साल पहले भेजा गया था प्रस्ताव

सभी आईटीआई संस्थानों में पुराने ट्रेड ही हैं संचालित



### कलेक्टर कर चुके हैं निरीक्षण

जिला मुख्यालय में संचालित सबसे पुराने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का निरीक्षण करने पहली बार कोई कलेक्टर आईटीआई परिसर पहुंचे थे। उनके निरीक्षण के दौरान उच्च तकनीकी शिक्षा विभाग के द्वारा संचालित आईटीआई की वास्तविक स्थिति का खुलासा कलेक्टर के सामने हुआ। जब पुरानी पड़ी मशीनों से ही छात्र प्रशिक्षण ले रहे थे। प्रेक्टिकल कक्ष भी कबाड़ जैसे नजर आ रहे थे। खराब हालत में देखकर आईटीआई प्रबंधन को व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए थे। लेकिन फंड के अभाव में प्रबंधन अभी भी हाथ खड़े किए हुए हैं। उसके द्वारा पूर्व में भेजे गए प्रस्ताव पर अब तक कोई अमल भी नहीं हुआ।

### जगह जगह लगाए जा रहे सोलर पेनल

शासकीय योजनाओं के तहत जगह जगह सोलर पैनल लगाए जा रहे हैं। शासकीय दफ्तरों से लेकर प्रधानमंत्री आवास एवं निजी घरों में भी सोलर पैनल लगाने की सब्सीडी वाली स्कीम चल रही है। किन्तु सोलर एनर्जी में दक्ष कर्मचारियों की दरकार सोलर पैनल लगाने वाले कंपनी एवं एंजेंसियों में भी बनी हुई है। इसके बावजूद आईटीआई जैसे तकनीकी संस्थानों में आज की जरूरत समझी जाने वाली सोलर एनर्जी जैसे ट्रेड नहीं शुरू किए जा रहे हैं।

## बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र के ग्राम चाकाबुढ़ा का मामला, देर रात तक चला हंगामा

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर, दो युवकों की मौत, चक्काजाम



घायलों को एंबुलेंस में ले जाते हुए।



चक्काजाम करते हुए ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छट्ठी कार्यक्रम के लिए सब्जी लेने पहुंचे दो रिश्तेदार मोटरसाइकिल में सवार होकर सब्जी लेकर अपने गांव लौट रहे थे कि बीच रास्ते में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर के चालक ने तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के होते ही स्थानीय लोग और रिश्तेदारों का आक्रोश फूट पड़ा। लोगों ने घटनास्थल पर ही चक्काजाम कर दिया। प्रशासन व पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और समझाइश देने का प्रयास करती रही लेकिन देर रात तक हंगामा होता रहा। बाद में किसी तरह समझाइश के बाद चक्काजाम समाप्त हुआ।

जानकारी के अनुसार बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत चाकाबुढ़ा निवासी प्रकाश उइके 25 वर्ष पिता सुखसिंह उइके व रिश्तेदार नानबाका कटघोरा निवासी बलदेव नेटी 24 वर्ष पिता नारायण सिंह नेटी अपने मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 12 बीसी 5310 में सवार होकर चाकाबुढ़ा से सब्जी लेने ग्राम जवाली गये हुए थे जहां से सब्जी लेकर दोनों मोटरसाइकिल में शाम लगभग 7:30 बजे वापस चाकाबुढ़ा लौट रहे थे कि बीच रास्ते पहुंचे थे कि विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर के चालक ने तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए मोटरसाइकिल सवार युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल सवार प्रकाश उइके और बलदेव सिंह नेटी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के होने के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों को आक्रोश फूट पड़ा और स्थानीय लोगों द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर घटनास्थल चाकाबुढ़ा में ही चक्काजाम कर दिया। पुलिस की टीम घटनास्थल पहुंची और प्रशासन द्वारा समझाइश देने का दौर शुरू हुआ लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। देर रात लगभग 12:30 बजे तक हंगामा होता रहा और चक्कर जाम चलता रहा। बाद में प्रशासन और पुलिस की ओर से ग्रामीणों को समझाइश दी गई और मृतक के परिजनों को 25-25 हजार रुपए की सहायता की राशि दी गई और दुर्घटनाकारित वाहन चालक को तत्काल गिरफ्तारी करने का आश्वसन दिया गया तब जाकर चक्काजाम समाप्त किया गया।

### मृतक प्रकाश की पुत्री का चल रहा था छट्ठी कार्यक्रम

बताया जाता है कि बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चाकाबुढ़ा निवासी प्रकाश उइके 15 दिन पहले ही उसके घर में उसके एक पुत्री ने जन्म लिया था जिसके जन्म पर उसके घर में छट्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया था और सोमवार को उसके घर में धूमधाम से छुट्ठी कार्यक्रम मनाया जा रहा था और शाम को रिश्तेदारों के आने पर प्रकाश और उसके रिश्तेदार बलदेव उसी शाम को सब्जी लेने के लिए ग्राम जवाली गये हुए थे जहां से वापस लौट के दौरान हादसे के शिकार हो गए। हादसे में दोनों युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। छट्ठी उत्सव मातम में तब्दील हो गया।

### चौबीस घंटे में चार लोगों ने गवाई जान

जिले में हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले दो दिनों में सड़क हादसों में कुल चार लोगों की मौत हुई है। जिसमें बालको थाना क्षेत्र के ग्राम अजगरबहार के पास हुआ। खरमोर इलाके के करीब 10 युवक झोराघाट पिकनिक मनाने गए थे। शाम को लौटते समय उनकी तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में सोनू यादव और सत्यम यादव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य घायल हो गए। घायलों को राहगीरों और साथियों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। इस घटना के कुछ घंटों बाद ही जवाली में सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है। बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा पर पुलिस प्रशासन लगातार प्रयास कर रही है लेकिन इसके बाद भी कहीं ना कहीं हादसे हो रहे हैं जिससे लोगों की जान जा रही है।

## नाबालिग से अनाचार करने वाले आरोपी को भेजा गया जेल



**कोरबा।** थाना उरगा क्षेत्रांतर्गत प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिग पुत्री को एक अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना उरगा पुलिस द्वारा तत्काल टीम गठित कर तकनीकी साक्ष्यों एवं सीडीआर लोकेशन के आधार पर तलाश शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस टीम द्वारा नाबालिग बालिका को ग्राम कारा थाना उरला रायपुर से सुरक्षित दस्तयाब किया गया। पूछताछ में पीड़िता ने बताया कि आरोपी रमेश मरकाम द्वारा शादी का झांसा देकर उसे अपने साथ ले जाया गया तथा उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया गया। मामले में पुलिस ने आरोपी हरदीडीह चौकी चैतमा थाना पाली निवासी रमेश मरकाम पिता ललित मरकाम उम्र 25 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## प्रगति नगर कॉलोनी के आवासों की हालत जर्जर

**कोरबा।** नगर पालिका परिषद दीपका के पार्षद व पीआईसी मेंबर अरुणीश तिवारी ने प्रगति नगर आवासीय परिसर की विभिन्न समस्याओं को लेकर एसईसीएल दीपका क्षेत्र के महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने मानसून से पहले जरूरी आवश्यक काम कराने की मांग रखी है। पार्षद तिवारी ने कहा है कि लंबे समय से कॉलोनी की उपेक्षा होने के कारण रहवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई, तो बारिश के दौरान हालात और गंभीर हो सकते हैं। प्रगति नगर के कई आवास जर्जर स्थिति में पहुंच चुके हैं।

# हत्या का प्रयास, दो आरोपियों को भेजा गया जेल



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विगत दिनों दीपका क्षेत्र में कोयला गिराने के नाम पर हुए विवाद पर दो युवकों ने मिलकर कार में सवार होकर पहुंचे थे और एक युवक की बेरहमी से लाठी डंडे से मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया था। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए हमलावार युवकों के खिलाफ अपराध दर्ज किया था और पुलिस ने हत्या के प्रयास में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत राहुल सिंह ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 22 अप्रैल को जब वह ड्यूटी करके वापस अपने घर जा रहा था उसी दौरान क्रांति दुकान के पास आरोपी राहुल सिंह, चन्दन सिंह अपने अन्य साथी के साथ अपने कार से आये और राहुल को पुराने कोयला गिराने की बात को लेकर लाठी, डंडा से मारपीट किया गया था। जिसके बाद इस मामले में राहुल की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया था। साथ ही मामले में धारा 109(1) जोड़ कर आरोपियों की खोजबीन की जा रही थी। इस बीच मुखबीर की सूचना पर दीपका थाना प्रभारी व उनकी टीम ने मानियाराडीह थाना नबीनगर जिला औरंगाबाद (बिहार) निवासी चन्दन सिंह पिता सत्येंदर सिंह उम्र 25 वर्ष एवं राहुल सिंह पिता सिकंदर सिंह उम्र 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू ने बताया कि मारपीट की घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा। दोनों आरोपियों का गुंडा बदमाश की फाइल खोली जाएगी। साथ ही जिला बदर की कार्यवाही की दिशा पर फाइल तैयार कर प्रस्तुत किया जाएगा।

## पेट्रोल संकट के बीच बिजली व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका

**कोरबा।** पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति को लेकर उत्पन्न स्थिति के बीच छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी जनता यूनियन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर विद्युत कर्मियों, विद्युत व्यवस्था में लगे वाहनों एवं पावर हाउस में ड्यूटी पर जाने वाले कर्मचारियों के लिए पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध कराने की मांग की है। यूनियन के प्रांताध्यक्ष अनिल द्विवेदी ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा है कि विद्युत सेवा अत्यावश्यक सेवाओं के अंतर्गत आती है तथा बिजली सुधार, रखरखाव एवं आपूर्ति कार्य से जुड़े कर्मचारियों को 24 घंटे फील्ड में कार्य करना पड़ता है। इसके अलावा पावर हाउस में शिफ्ट ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों का लगातार आना-जाना बना रहता है। ऐसे में पेट्रोल पंपों पर सीमित मात्रा में ईंधन वितरण की व्यवस्था से बिजली व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। पत्र में मांग की गई है कि विद्युत विभाग के नियमित, संविदा एवं ठेका कर्मियों के दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों को पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल-डीजल उपलब्ध कराया जाए। साथ ही विद्युत व्यवस्था, बिजली सुधार एवं रखरखाव कार्य में लगे विभागीय वाहनों को प्राथमिकता के आधार पर बिना लाइन के ईंधन उपलब्ध कराने की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। यूनियन ने यह भी मांग की है कि पावर हाउस, सब स्टेशन एवं विद्युत आपूर्ति व्यवस्था से जुड़े कर्मचारियों को निर्बाध ड्यूटी संचालन हेतु विशेष श्रेणी में रखा जाए।

# मोटर साइकिल से शराब की तस्करी, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

### खास बातें

- दीपका पुलिस ने बीच रास्ते में आरोपियों की की थी घेराबंदी
- कब्जे से 57 पाव देशी प्लेन शराब व मोटर साइकिल जब्त



जप्त शराब के साथ आरोपी।

एक मोटर साइकिल में सवार दो युवकों के द्वारा अवैध रुप से शराब की तस्करी की जा रही थी। तस्करी की सूचना पर पुलिस ने तस्करों के धरपकड़ के लिए घेराबंदी की और पुलिस ने दोनों तस्करों को धरदबोचा है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से 57 देशी शराब व मोटर साइकिल को जब्त किया गया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ 34 (2) आबकारी एक्ट तक तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू को मुखबीर से सूचना मिली थी कि एक मोटर साइकिल सवार दो युवकों के द्वारा दीपका शराब दुकान से बड़े पैमाने पर शराब की खरीदी कर तस्करी की जा रही है और उसे दीपका से दर्री की ओर ले जाने की कोशिश की जा रही है सूचना के आधार पर दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू ने आरोपियों के धरपकड़ के लिए बीच रास्ते में जाल बिछाया और जब मोटर साइकिल दोनों सवार युवक शराब की खेप लेकर जा रहे थे इस दौरान पुलिस ने रंगे हाथों धरदबोचा। पकड़े गए आरोपियों में अयोध्यापुरी दर्री निवासी विजय यादव उम्र 26 वर्ष पिता बोधन यादव एवं जेलगांव चौक क्वार्टर नंबर 583 निवासी संदीप साहू उम्र 21 वर्ष पिता बलराम साहू को धरदबोचा और आरोपियों के कब्जे से 57 पाव देशी शराब कीमती 5 हजार रुपए तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल होंडा शाइन को जप्त कर आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## राजीव गांधी ऑडिटोरियम में 3 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

**कोरबा।** टी.पी. नगर क्षेत्र में स्थित राजीव गांधी ऑडिटोरियम इंदिरा स्टेडियम में 3 दिवसीय प्रेरणादायी कार्यक्रम खुशियों का पासवर्ड कार्यक्रम का प्रथम दिवस उत्साह एवं भव्यता के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों, युवाओं, महिलाओं एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं स्वागत नृत्य के साथ हुआ। मंच पर मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री सह कोरबा नगर विधायक लखन लाल देवांगन उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में कोरबा महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, बी.के. रुक्मणी, बी.के. बिंदु, नगर निगम कोरबा पार्षद अशोक चावलानी, नरेंद्र देवांगन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

जाँजगीर मार्केट

प्रो. विद्याशंकर सिंघानिया
विद्या इलेक्ट्रिकल्स
सभी कम्पनियों के बिजली सामनों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता।
न्यू चांपा रोड, नेताजी चौक जांजगीर
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
9926744810

समक्ष श्रीमान नोटरी महोदय शिवरीनारायण जिला जांजगीर चांपा (छ.ग )

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं SALIM KHAN S/O AABDUL RAHIM KHAN निवासी BUS STAND KE PASS VARD NO 01 SEORINARAYAN CG यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपना पुराना यह पुराना नाम SALIM KHAN S/O AABDUL RAHIM KHAN को त्याग कर नया नाम MOHAMMAD SALIM KHAN S/O AABDUL RAHIM KHAN रख लिया है।

अतः मुझे आज से मुझे समस्त शासकीय एवं अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेज में मेरा नया नाम मैं MOHAMMAD SALIM KHAN S/O AABDUL RAHIM KHAN के नाम से जाना व पहचाना जावें।

MOHAMMAD SALIM KHAN S/O AABDUL RAHIM KHAN BUS STAND KE PASS, VARD NO 01 SEORINARAYAN CG PIN 495557

शपथकर्ता
सलीम खान

## तुमान गांव में बिजली-पानी संकट से हाहाकार, भीषण गर्मी में परेशान ग्रामीण

**मड़वारानी।** ग्राम पंचायत तुमान में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। प्रशासन और ग्रामीणों की लगातार शिकायतों के बाद विद्युत विभाग ने नया के बजाय पुराना ट्रांसफार्मर लगाकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। नतीजा यह है कि पूरे गांव में लो वोल्टेज की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है और ग्रामीण भीषण गर्मी में नरक जैसी जिंदगी जीने को मजबूर हैं ग्रामीणों के अनुसार गांव में लगभग एक सप्ताह से बिजली संकट बना हुआ है। हालत यह है कि ना पंखे चल पा रहे हैं, ना कूलर, ना फ्रिज और ना ही बोर मशीन। बिजली की आंख-मिचौली और लो वोल्टेज ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। भीषण गर्मी में पानी की समस्या ने हालात और भयावह बना दिए हैं। बोर नहीं चलने से लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। गांव के तालाब भी सूख चुके हैं, ऐसे में नहाने और पीने के पानी के लिए ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं गर्मी से बेहाल हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों को शायद जनता की तकलीफों से कोई सरोकार नहीं।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड ◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# 19 साल बाद पुराने डायरेक्टर संग कमबैक करेंगे अजय

**नई दिल्ली।** 19 साल बाद अजय देवगन इंडस्ट्री के दिग्गज फिल्ममेकर अभिनव सिन्हा संग वापसी करने जा रहा है। जिनके साथ साल 2007 में प्रदर्शित फिल्म कैश में अजय देवगन, सुनील शेट्टी, एशा देओल, रितेश देशमुख और जायद खान मुख्य भूमिकाओं में थे। फिल्म का निर्देशन अनुभव सिन्हा ने किया था। अब खबरें हैं कि अजय और अनुभव करीब 19 साल बाद एक बार फिर साथ काम करने जा रहे हैं। अनुभव के निर्देशन में अजय एक्शन फिल्म करने जा रहे हैं। फिल्म कैश के बाद अजय और अनुभव दोनों ने अलग-अलग जानरों की फिल्में कीं, जिनमें से कई फिल्में हिट भी रहीं।



## लाइफ Style

# सबा

## स्कूलों में पारिवारिक शिक्षा होनी चाहिए जरूरी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड स्टार ऋतिक रोशन की गर्लफ्रेंड और अभिनेत्री सबा आजाद अपनी अपकमिंग सीरीज 'हू इज योर गाइनैक?' सीजन 2 को लेकर चर्चा में हैं। यह वेब सीरीज 22 मई को रिलीज होने वाली है। इससे पहले सबा आजाद ने महिलाओं के स्वास्थ्य के बारे में बात की है।

सबा ने स्कूलों में यौन शिक्षा को जरूरी करने पर जोर दिया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यौन शिक्षा लोगों को सोच-समझकर फैसले लेने में मदद कर सकती है। बातचीत में सबा आजाद ने कहा 'मुझे लगता है कि स्कूलों में यौन शिक्षा जरूरी होनी चाहिए। सिर्फ प्राइवेट स्कूलों में ही नहीं, बल्कि सभी स्कूलों में। क्योंकि, यौन शिक्षा से दिमाग खराब नहीं होता, बल्कि इससे जानकारी मिलती है। आप कुछ भी कह लें, अगर कोई बच्चा जानकारी के साथ बड़ा होता है, तो वह सही फैसले लेगा। इसलिए मुझे लगता है कि यह बहुत जरूरी है कि यह जानकारी सभी को दी जाए।' उन्होंने कहा इसे देश भर के हर स्कूल के पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। सबा ने आगे कहा 'मुझे लगता है कि जब महिलाओं के स्वास्थ्य की बात आती है, तो हम आम तौर पर कमजोर पड़ जाते हैं। हम न तो इस बारे में बात करते हैं और न ही इस पर शोध करते हैं। 2026 से, हमने आखिरकार महिलाओं पर रिसर्च करना शुरू कर दिया है। पहले, हम पुरुषों पर रिसर्च करते थे और उसे ही महिलाओं पर भी लागू कर देते थे।' जब सबा से पूछा गया कि उन्होंने इस सीरीज में स्त्री रोग विशेषज्ञ के अपने रोल के लिए कैसे तैयारी की।

## हॉलीवुड मसाला



# कार में साथ थे जैकब-केंडल

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेता जैकब एलोर्डी और केंडल जेनर को डेटिंग रूमर्स के बीच एक बार फिर साथ स्पॉट किया गया है। दोनों को लॉस एंजिल्स में काइली जेनर और टिमोथी चालमेट के साथ कार में देखा गया। जैकब एलोर्डी और केंडल जेनर की डेटिंग की अफवाहें काफी वक्त से उड़ रही हैं। दोनों को कई बार साथ चिल करते देखा जा चुका है। एक बार फिर जैकब और केंडल लॉस एंजिल्स में काइली जेनर और टिमोथी चालमेट के साथ देर रात कार में घूमते देखे गए।




# माइकल ने कमाई से हिलाया इंटरनेशनल बॉक्स ऑफिस

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड फिल्म माइकल की रिलीज को जल्द ही एक महीने का सफर पूरा होने जा रहा है। पॉप स्टार माइकल जैक्सन की बायोपिक के तौर पर इस मूवी को दर्शकों ने काफी पसंद किया। कमाई के मामले में इस फिल्म ने दुनियाभर में धमाकेदार प्रदर्शन करके दिखाया है और इतिहास रचने की दहलीज पर खड़ी है। 7 हजार करोड़ के जादुई आंकड़े की करीब पहुंचने वाली माइकल ने इंटरनेशनल बॉक्स ऑफिस पर अपनी धाक जमा ली है। अब तक ये मूवी पूरी दुनिया में करीब 6 हजार 742 करोड़ का कारोबार कर चुकी है। जल्द ही माइकल 7000 करोड़ का आंकड़ा पार करती हुई नजर आएगी, जोकि अपने आप में एक बड़ा कमाई का आंकड़ा है, जिस तक पहुंचना अच्छी-अच्छी फिल्मों का सपना होता है।



# सेंसर बोर्ड को रास नहीं आया होंठ चूमना

**मुंबई।** हमारे देश की सेंसर बोर्ड यानी केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड भी कमाल है। इसे फिल्मों में मार-काट, खून खराबा, कटे हुए सिर से फुटबॉल खेलना, मां-बहन की गालियां, दंगों के सीन में किसी को जिंदा जला देने जैसे विजुअल से तो कोई परहेज नहीं है, लेकिन पर्दे पर जब दो जवां दिल लबों से लब टकराते हैं, तो बोर्ड के नाक-भौं सिकुड़ जाते हैं। जी हां, यकीन ना आए तो 'चांद मेरा दिल' का ही उदाहरण ले लीजिए। फिल्म में अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी के रोमांटिक सीन्स थे। रोमांटिक ड्रामा फिल्म है, लिहाजा इसमें खूनी खेल तो होगा नहीं, दो प्रेमी लबों से लब टकरा रहे थे। लेकिन, सेंसर बोर्ड ने इस पर कैंची चला दी है, जाहिर है रिव्यू कमिटी को लगा होगा कि ये वो सीन्स हैं, जिससे देश के युवाओं पर बुरा असर पड़ेगा। वाजिब भी है।



# मैं वापस आऊंगा का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** 'मैं वापस आऊंगा' का ट्रेलर आखिरकार रिलीज हो गया है, और फिल्म निर्माता इम्तियाज अली एक बार फिर प्यार, यादों और तड़प की दुनिया में गहराई से उतरते नजर आते हैं। दिल को छू लेने वाले रोमांटिक ड्रामा बनाने के लिए मशहूर इम्तियाज अली ने इस इमोशनल फिल्म के साथ अपनी खास कहानी कहने के अंदाज को फिर से जिंदा किया है। पूरे ट्रेलर में आपको केवल यही लगेगा कि अब आगे क्या! दिलजीत दोसांझ, नसीरुद्दीन शाह, वेदांग रैना और शर्वरी वाघ की इस फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को रोमांस, दिल टूटने, पुरानी यादों और जुदाई से भरी एक कहानी की झलक देता है। बिरला स्टूडियोज, अप्लॉज एंटरटेनमेंट और विंडो सीट फिल्म्स की बनाई यह फिल्म 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## टीवी मसाला




# प्रेम को मौत के मुंह से खींच लाई अनुपमा

**नई दिल्ली।** टीवी शो 'अनुपमा'में एक बार फिर रिश्तों, इमोशंस और ड्रामे का बड़ा ट्विस्ट देखने को मिलने वाला है। आने वाले एपिसोड में हालात ऐसे बन जाएंगे कि अनुपमा को प्रेम की जान बचाने के लिए खुद को खतरे में डालना पड़ेगा। वहीं, दूसरी तरफ दिग्विजय और अनुपमा की बढ़ती नजदीकियां भी सभी का ध्यान खींच रही हैं। शो में एक साथ कई इमोशनल मोमेंट्स देखने को मिलेंगे, जिनकी वजह से कहानी और ज्यादा दिलचस्प हो गई है। एपिसोड की शुरुआत में अनुपमा अपने कैफे के बाहर मेन्यू लिखती नजर आएगी। तभी वहां प्रेरणा आएगी और उसे कैफे की अच्छी सेल के लिए बधाई देगी।. अनुपमा भी उसे और प्रेम को उनके कैफे के लिए शुभकामनाएं देगी। लेकिन. बातचीत के दौरान अनुपमा को महसूस होगा कि प्रेरणा अंदर से काफी दुखी है। दरअसल, श्रुति ने उसे पार्टनरशिप से अलग कर दिया है और अब वह सिर्फ वहां काम कर रही है। प्रेरणा की मायूसी देखकर अनुपमा समझ जाएगी कि जरूर कुछ गलत हुआ है। वट सावित्री पूजा के दौरान कोठारी और शाह परिवार साथ नजर आएंगे। इसी बीच मोहल्ले की कुछ महिलाएं अनुपमा और दिग्विजय के रिश्ते को लेकर बातें बनाना शुरू कर देंगी। वह लीला से सवाल करेंगी कि क्या दिग्विजय अब वनराज की जगह लेने वाला है। यह सुनकर राही भड़क जाएगी और उन महिलाओं को जवाब देगी. हालांकि जाते-जाते महिलाएं राही को भी ताना मार जाएंगी, जिसके बाद वह लीला पर गुस्सा करेगी।

## सैयारा से सीरियल सैराब की तुलना

पिछले साल मोहित सूरी की फिल्म 'सैयारा' जबरदस्त हिट हुई और लोगों का भरपूर प्यार बटोरते हुए अहान पांडे और अनीत पड्डा रातोंरात स्टार बन गए। हाल ही में नए सीरियल के मेकर्स ने अपने आगामी शो 'सैराब' का एआई-जनरेटेड प्रोमो जारी किया और फैंस इसकी तुलना 'सैयारा' से करने से खुद को रोक नहीं पाए। कई लोगों को तो यह भी लगा कि सीरियल का लीड रोल अहान पांडे के किरदार कृष कपूर से मिलता-जुलता है। प्रोमो में लीड एक्टर को एक रॉकस्टार के रोल में दिखाया गया है जो हाथ में गिटार लिए मंच पर परफॉर्म कर रहा है और दर्शक उसके लिए जोरदार तालियां बजा रहे हैं। वहीं, पीली साड़ी पहने लीड एक्ट्रेस मंच के पीछे से उसे देख रही है, लेकिन जब वह उसे रोकने की कोशिश करता है तो वह दूर से चली जाती है। हालांकि एक्टर्स के चेहरे नहीं दिखाए गए, लेकिन ऑनलाइन लोगों के बीच तुरंत इसकी तुलना 'सैयारा' से होने लगी। एक कमेंट में लिखा था, 'हीरो सैयारा के कृष कपूर जैसे लग रहे हैं।




# हिरानी ने किया पहली वेब सीरीज प्रीतम एंड पेड्रो का ऐलान

**मुंबई।** दिग्गज फिल्म निर्देशक राजकुमार हिरानी अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। उनकी पहली वेब सीरीज 'प्रीतम एंड पेड्रो' का ऐलान कर दिया गया है। राजकुमार हिरानी की पहली वेब सीरीज 'प्रीतम एंड पेड्रो' का एक खास पोस्टर जारी किया गया है। इस पोस्टर में दो लड़के पीठ दिखाकर खड़े हैं। यही वजह है कि फिल्म की स्टार कास्ट से पर्दा अभी तक नहीं उठ सका है। यह सीराज हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। 'प्रीतम एंड पेड्रो' एक साइबर-क्राइम थ्रिलर सीरीज है, जो 3 जुलाई को जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग के लिए तैयार है। राजकुमार हिरानी 'प्रीतम एंड पेड्रो'नाम की वेब सीरीज के जरिए ओटीटी डेब्यू कर रहे हैं। इस सीरीज में कथित तौर पर अरशद वारसी और विक्रांत मैसी मुख्य (साइबर पुलिस) भूमिका में नजर आ सकते हैं। इस प्रोजेक्ट में राजकुमार हिरानी के बेटे वीर हिरानी भी अपना एक्टिंग डेब्यू कर सकते हैं। राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित आखिरी फिल्म का नाम 'डंकी' (Dunki) है। यह फिल्म 21 दिसंबर 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, जिसमें शाहरुख खान ने मुख्य भूमिका निभाई थी। राजकुमार हिरानी ने 'डंकी' की सफलता के बाद ओटीटी की दुनिया में सीरीज 'प्रीतम एंड पेड्रो' से कदम रखा है।



# मिलाप ला रहे नई रोमांटिक फिल्म 'तेरा यार हूं मैं', अमन करेंगे निर्देशन

**मुंबई।** पिछले साल 'एक दीवाने की दीवानियत'जैसी रोमांटिक फिल्म देने वाले निर्देशक मिलाप जावेरी अब एक और रोमांटिक फिल्म 'तेरा यार हूं मैं'लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म से निर्देशक इंद्र कुमार के बेटे अमन इंद्र कुमार बॉलीवुड में कदम रखने जा रहे हैं। फरवरी में जारी हुए फिल्म के फर्स्ट लुक के बाद अब फिल्म की नई रिलीज डेट सामने आ गई है। मेकर्स ने मंगलवार को फिल्म की नई रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। फिल्म का एक पोस्टर जारी करते हुए मेकर्स ने ये कंफर्म किया कि 'तेरा यार हूं मैं' 31 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। इसके साथ ही कैप्शन में मेकर्स ने लिखा, 'प्यार, दोस्ती, इमोशन और संगीत के लिए तैयार हो जाइए। तेरा यार हूं मैं 31 जुलाई को सिनेमाघरों में आ रही है।'इसके साथ ही मेकर्स ने कंफर्म किया कि फिल्म से इंद्र कुमार के बेटे अमन कुमार अपनी शुरुआत कर रहे हैं। उनके साथ आकांक्षा शर्मा इस प्यार, ड्रामा, कॉमेडी और एक्शन से भरपूर म्युजिकल लव स्टोरी में नजर आएंगी। इससे पहले मेकर्स ने फरवरी में फिल्म की घोषणा करते हुए इसका फर्स्ट लुक जारी किया था। तब मेकर्स फिल्म को 22 मई को रिलीज करने वाले थे। लेकिन अब मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट बदल दी है। फिल्म का जो पोस्टर जारी किया गया है, उसमें फिल्म के लीड कलाकार अमन इंद्र कुमार और आकांक्षा शर्मा नजर आ रहे हैं। व्हाइट बैकग्राउंड में दोनों के चेहरों का क्लोज अप शॉट है, जिसमें दोनों एक-दूसरे में खोए नजर आ रहे हैं। अभी तक फिल्म की कहानी के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। मिलाप जावेरी की आखिरी निर्देशित फिल्म 'मस्ती' फ्रेंचाइजी की 'मस्ती 4' है, जो पिछले साल रिलीज हुई थी। पिछले साल ही उनकी रोमांटिक फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' भी रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने काफी चर्चाएं बटोरी थीं। वहीं, क्रिटिक्स और दर्शकों की भी इसे मिली-जुली प्रतिक्रिया हासिल हुई थी। अब वो 'तेरा यार हूं मैं'के साथ एक नई लव स्टोरी लेकर आ रहे हैं।






## इस घटना के बाद सरोज ने फिर कभी करिश्मा के साथ नहीं किया काम

# सेट पर जब आपा खो बैठीं करिश्मा, डांसर को कह दिया इडियट

*नई दिल्ली। सरोज खान अपने सख्त स्वभाव और अनुशासन के लिए जानी जाती थीं। सेट पर अगर कोई उनकी टीम के साथ गलत व्यवहार करता, तो वह तुरंत सामने वाले को रोक देती थीं। एक बार शूटिंग के दौरान हुए हादसे के बाद करिश्मा कपूर अपना आपा खो बैठीं। गुस्से में उन्होंने डांसर को 'इडियट'कह दिया। यह बात सरोज खान को बिल्कुल पसंद नहीं आई। उन्होंने लोलो को टोका इस घटना के बाद सरोज खान ने फिर कभी करिश्मा कपूर के साथ काम नहीं किया।*

### करिश्मा ने स्वीकारी चुनौती

उन दिनों माधुरी दीक्षित बॉलीवुड की 'डांसिंग क्वीन' थीं। उनके सामने कोई भी एक्ट्रेस डांस करने की हिम्मत नहीं जुटा पाती थी। जब यश चोपड़ा 1997 में 'दिल तो पागल है' बना रहे थे तो उन्हें एक ऐसी एक्ट्रेस चाहिए थी जो माधुरी के सामने पर्दे पर डांस कर सके। लेकिन, उस दौर की तमाम बड़ी हीरोइनों ने यह ऑफर ठुकरा दिया। उन्हें डर था कि माधुरी की तुलना में उनका डांस फीका पड़ जाएगा। लेकिन, करिश्मा कपूर ने बिना एक पल सोचे यह चुनौती स्वीकार कर ली। उन्होंने फिल्म में पूजा का किरदार निभाया और अपने कॅरियर का बेहतरीन परफॉर्मेंस दिया।



### शूटिंग के दौरान टूट गई डाली

फिल्म के गाने आज भी दिलों की धड़कन है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इसी करिश्मा ने बाद में माधुरी की गुरु सरोज खान से झगड़ा कर लिया था, जिसके बाद दोनों ने कभी साथ काम नहीं किया? हाल ही में, सरोज खान के साथ काम कर चुकी डांसर रुबीना खान ने बॉलीवुड ठिकाना को एक रोचक किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया कि एक बार करिश्मा कपूर एक गाने की शूटिंग कर रही थीं, जिसकी कोरियोग्राफी सरोज खान ने की थी। गाने के एक सीक्वेंस में पेड़ पर लड़के-लड़कियां छिपे हुए थे। शूटिंग के दौरान अचानक एक डाली टूट गई और ऊपर छिपा एक लड़का सीधे करिश्मा पर गिर पड़ा। करिश्मा इतनी गुस्सा हुईं कि उन्होंने उस लड़के को 'बेवकूफ' कहकर गालियां देने शुरू कर दीं।

### शूटिंग बीच में ही छोड़ दी

सरोज खान अपनी टीम की बहुत रक्षा करती थीं। उन्होंने तुरंत बीच-बचाव करते हुए कहा कि लड़के ने जानबूझकर नहीं किया था और वह माफी भी मांग चुका था। लेकिन, करिश्मा मानने को तैयार नहीं हुईं। उन्होंने शूटिंग बीच में ही छोड़ दी और सेट से चली गईं। रुबीना बताती हैं, 'इस घटना के बाद सरोज खान ने करिश्मा के साथ कभी काम नहीं किया।' हालांकि, दोनों में से किसी ने भी सार्वजनिक तौर पर इस विवाद पर खुलकर बात नहीं की।

### सरोज को भावुक अंदाज में किया था याद

दिलचस्प बात यह है कि साल 2020 में सरोज खान के निधन के बाद करिश्मा कपूर ने उन्हें भावुक अंदाज में याद किया था। उन्होंने सोशल मीडिया पर सरोज खान के साथ एक ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर शेयर की और लिखा, 'सत्यम हॉल में आपके साथ बिताए वो लंबे घंटे और डांस-एक्सप्रेशन सीखना कभी नहीं भूल सकती। आपकी सीख मुझे बहुत आगे तक लेकर गई.' करिश्मा ने पोस्ट में सरोज खान को अपना 'मास्टर', 'टीचर' और 'डांस गुरु' भी बताया था।

## खबर संक्षेप

### पोस्ट ऑफ मंथ विनर होने पर नवाचारी शिक्षिका हुए सम्मानित



**अकलतरा।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय अकलतरा में बीईओ देवकांत द्विवेदी, स्वाति राठौर एवं रत्नमाला सिंह, बीआरसी शैलेन्द्र सिंह बैस तथा जिला विनोबा टीम के सदस्य भूपेंद्र चंद्रा के उपस्थिति में शासकीय प्राथमिक शाला पोंडीदल्हा की नवाचारी शिक्षिका श्रीमती विजय लक्ष्मी चंदेल एवं शासकीय नवीन प्राथमिक शाला लोडर कॉलोनी अमोरा की शिक्षिका श्रीमती बबीता कुर्रे को लगातार विनोबा एप में सक्रिय रहते हुए विभिन्न गतिविधियों के साझा करने हेतु अप्रैल 2026 महीने के विकासखंड स्तरीय पोस्ट ऑफ मंथ विनर होने पर प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। विनोबा एप शिक्षकों के लिए एक ऐसा मंच है जो विभिन्न शालेय गतिविधियों जैसे बोलेगा बचपन, टीएलएम निर्माण, खेल-खेल में शिक्षा, कागज के पंख को बच्चों के स्तर के अनुरूप सीखने के विभिन्न गतिविधियों को साझा करने का एक अवसर देता है जिससे कि अन्य शिक्षकों को भी नए-नए तरीके से बच्चों को सीखाने के लिए मार्गदर्शन मिलता है और वह एक दूसरे से सीखते हैं। वर्तमान में विनोबा शिक्षकों को नए फीचर उपलब्ध कराता है जिसमें शिक्षक बच्चों को नए-नए थीम के अकॉर्डिंग बच्चों में रचनात्मक कौशल का विकास कर सकते हैं एवं उनके पिक्चर से एवं फोटो विनोबा पर अपलोड कर दूसरे शिक्षकों के साथ भी साझा कर सकते हैं।

### मल्दा में सुशासन तिहार जन समस्या निवारण शिविर 29 को

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत गौरव ग्राम पंचायत मल्दा के शासकीय हाई स्कूल में शुक्रवार 29 मई को सुशासन तिहार का आयोजन किया जाएगा। शिविर में आम जनों की समस्याओं का तुरंत निराकरण किया जाएगा। इसके साथ ही उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को शील्ड और प्रमाण पत्र वितरण भी किया जाएगा। क्षेत्र के ग्रामीणों से सुशासन तिहार जन समस्या निवारण शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर निराकरण का आग्रह किया गया है।

### व्यापारी सेवा समिति राहौद ने राष्ट्रपति को पत्र किया प्रेषित

**राहौद।** क्षेत्र में सामाजिक सेवा एवं जनहित कार्यों में निरंतर सक्रिय व्यापारी सेवा समिति द्वारा दृष्टि एवं श्रवण बाधित विशेष बच्चों के बेहतर भविष्य हेतु एक महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील पहल की गई है। समिति द्वारा राष्ट्रपति को एक विस्तृत निवेदन एवं आमंत्रण पत्र प्रेषित किया गया है, जिसमें विशेष बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा, आत्मनिर्भरता एवं सम्मानपूर्ण जीवन से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों को प्रमुखता से रखा गया है। समिति ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि विशेष बच्चों को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि आधुनिक संसाधन, सुरक्षित आवास, खेलकूद सामग्री, चित्रकला, कौशल विकास, स्वच्छ शौचालय, स्वास्थ्य सुविधाएँ एवं प्रेरणादायक वातावरण मिलना भी अत्यंत आवश्यक है। ऐसे बच्चों के लिए विकसित एवं संवेदनशील शिक्षा व्यवस्था समाज और राष्ट्र दोनों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत आधारशिला बन सकती है। व्यापारी सेवा समिति द्वारा यह विषय केवल राष्ट्रपति तक ही सीमित नहीं रखा गया, बल्कि क्षेत्रीय विधायक, जिला कलेक्टर एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों तक भी बच्चों की वास्तविक आवश्यकताओं और विद्यालय विकास से जुड़ी समाज की भावनाओं को पहुँचाया जा रहा है, ताकि शासन, प्रशासन और समाज मिलकर इस महत्वपूर्ण कार्य में सहभागिता निभा सकें। समिति द्वारा इस सेवा एवं जनहित से जुड़े विषय को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के लोकप्रिय कार्यक्रम "मन की बात" तक भी भेजा गया है, ताकि विशेष बच्चों की आवश्यकताएं, संघर्ष और उनके उज्ज्वल भविष्य से जुड़ी यह संवेदनशील पहल देशभर तक पहुंच सके तथा समाज में जनजागरण का माध्यम बन सके।

## निधन

### उमेंदराम रोहिदास



**बुंदेला।** ग्राम पंचायत बुंदेला के प्रतिष्ठित नागरिक उमेंदराम रोहिदास का आकस्मिक निधन मंगलवार 19 मई को 53 वर्ष की आयु में हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र रवि रोहिदास ने दी। उनके अंतिम यात्रा स्वजातीय बंधु सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। वे मेंदराम रोहिदास के बड़े भैय्या थे।

### टिकाराम साहू



**बेल्हाडीह-लवसरा।** ग्राम पंचायत लवसरा के प्रतिष्ठित नागरिक एवं साहू समाज के ग्राम पूर्व अध्यक्ष टिकाराम साहू का 66 वर्ष की उम्र में मंगलवार 19 मई को सुबह निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में ग्रामीण एवं स्वजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे अपने पीछे पत्नी के अलावा भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

ग्राम पंचायत अमोरा में जनसमस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन, मिले 1320 आवेदन

# शासन सभी वर्गों को ध्यान में रखकर चला रही जनकल्याणकारी योजनाएं : चंदेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण तथा नागरिकों को सरल, पारदर्शी एवं सुगम सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में सुशासन तिहार अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार 20 मई को जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम पंचायत अमोरा स्थित शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल परिसर में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत अमोरा के क्लस्टर अंतर्गत अमोरा, सेंदरी, महंत, खैरा, दर्री, घुठिया, चौराभांठा, अवरीद, चोरभट्ठी, बुड़ेना, जगमहंत, सिंऊड़, दहिदा, बरबसपुर, सेमरा, तेन्दुआ, गिद्धा, पोंड़ी एवं कोटिया के ग्रामीण शामिल हुए।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से नागरिकों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही अतिथियों ने पात्र हितग्राहियों को हितग्राहीमूलक योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इस दौरान हितग्राहियों को जाति प्रमाण पत्र, किसान किताब, बी-1, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, नक्शा-खसरा, चेक एवं



शिविर में हितग्राहियों को सामग्री प्रदान करते अतिथि।

सम्मान पत्र वितरित किए गए। इस दौरान स्व-सहायता समूहों की दीदियों को स्वरोजगार एवं आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित आवासों की चाबियां हितग्राहियों को सौंपी गईं। शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम पंचायत अमोरा में आयोजित शिविर में कुल 1320 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमे 1203 मांग एवं 117 शिकायत से संबंधित है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि शासन द्वारा सभी वर्गों के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनता के बीच जाकर संवाद करना, उनकी समस्याओं पर चर्चा कर उनका समाधान करना है। समस्याओं एवं मांगों के त्वरित निराकरण के लिए शिविर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं की जानकारी, उनकी प्रक्रिया एवं लाभों के बारे में आमजन को अधिक से अधिक जागरूक करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्टॉल के माध्यम से योजनाओं की जानकारी, लाभ एवं प्रक्रिया के बारे में विस्तार से लोगों को अवगत कराएं। उन्होंने जल संरक्षण, जल के सदुपयोग एवं अधिक से अधिक पौधारोपण करने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों को सुशासन तिहार का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कहा कि गांव का प्रत्येक व्यक्ति अपनी मांग व समस्या खुलकर बता सके और उसका समय-सीमा में निराकरण और पारदर्शिता सुनिश्चित हो यही सुशासन तिहार का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि समस्याओं के निराकरण की जानकारी संबंधित हितग्राहियों को दी जाएगी तथा सभी विभाग समय-सीमा में समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विभिन्न योजनाओं में ई-केवाईसी कराने में किसी प्रकार की राशि नहीं लगती है। कलेक्टर ने पीएम सूर्यघर योजना की जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना के तहत सब्सिडी का लाभ लेकर लोग सोलर ऊर्जा अपनाकर आर्थिक बचत कर सकते हैं। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य राजकुमार साहू, घासीराम कश्यप, श्रीमती आरती तिवारी, अखिलेश भीष्म, रामसाय खुटे एवं राजकुमार कश्यप, लखनलाल साहू, अमन प्रताप सिंह, सरपंच राकेश कुमार कश्यप, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, जनपद पंचायत नवागढ़ सीईओ बी आर वर्मा सहित ग्रामीण उपस्थित थे।



डीजल के लिए पेट्रोल पंप पर लगी वाहनों की कतार।

# पेट्रोल पंपों पर लग रही कतार, काफी मशक्कत के बाद मिल रहा पेट्रोल-डीजल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिर्रा

पिछले कुछ दिनों से पेट्रोल-डीजल कमी कमी के चलते पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लंबी कतार लग रही है। काफी मशक्कत के बाद वाहन चालकों को सिर्फ 100 रुपए का पेट्रोल दिया जा रहा है।

■ किसान सर्वाधिक चिंतित, डीजल नहीं मिलने से धान कटाई का काम हो रहा प्रभावित

खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध के चलते पहले की अपेक्षा पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति कम हो रही है। इसका असर क्षेत्रों के पेट्रोल पंपों में देखने को मिल रहा है। डिपो से नियमित गाड़ियां नहीं आने के चलते पंपों में पेट्रोल-डीजल की किल्लत शुरु हो गई है। वाहन मालिक अपने वाहन लेकर पेट्रोल पंप पहुंच रहे है। यहां पेट्रोल डीजल शार्टज बताकर सिर्फ 100 रुपए का पेट्रोल डीजल दिया जा रहा है। पेट्रोल पंप के पास सुबह 4 बजे से ही वाहनों का लंबी कतार लग जाती है। यहां वाहन मालिक अपने बारी का इंतजार करते रहते है। कुछ वाहनों में पेट्रोल डीजल डालने के बाद पंप कर्मियों द्वारा पेट्रोल डीजल खत्म होने की बात कहती है। ऐसे में आधे से ज्यादा वाहनों में पेट्रोल-डीजल नहीं भर पाता है। सबसे ज्यादा चिंतित किसान नजर आ रहे है। डीजल नहीं मिलने के चलते किसानों को धान कटाई और मिजाई करने में सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। किसन अपना ट्रैक्टर लेकर जब पंप पहुंचते है तो पता चलता है कि यहां डीजल नहीं है। वहीं पेट्रोल पंप मालिक ने चर्चा में बताया कि डिपो में पेट्रोल-डीजल की कमी बनी हुई है। डिपो से पहले की अपेक्षा कम मात्रा में पेट्रोल डीजल आने के चलते इस तरह की समस्या बनी हुई है।

## समाधान शिविर में दिव्यांग सुशीला को मिली मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल

**सक्ती।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में आमजनों की समस्याओं और मांगों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले में सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत गांव-गांव में समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जैजैपुर विकासखंड के ग्राम ओड़ेकेरा में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में दिव्यांग हितग्राही सुशीला कुमारी की समस्या का तत्काल समाधान किया गया। अस्थि बाधित होने के कारण उन्हें आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल के लिए आवेदन दिया था। आवेदन प्राप्त होते ही समाज कल्याण विभाग द्वारा शिविर स्थल पर ही उन्हें मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल प्रदान की गई।मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल मिलने पर सुशीला कुमारी ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अब उनका आवागमन पहले की तुलना में काफी आसान हो जाएगा और उन्हें दैनिक कार्यों के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।



# राष्ट्रीय राजमार्गों पर विचरण करने वाले आवारा पशुओं को गौधामों में करें शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

जिला स्तरीय पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक कलेक्टर एवं समिति के पदेन अध्यक्ष अमृत विकास तोपनो की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में पशु

■ जिला स्तरीय पशु क्रूरता निवारण समिति की हुई बैठक

क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 तथा भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने समिति के सभी सदस्यों एवं संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा जारी समस्त गाइडलाइन का गंभीरतापूर्वक पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्गों पर विचरण करने वाले आवारा पशुओं को वर्षा ऋतु पूर्व शासन द्वारा स्वीकृत गौशालाओं एवं गौधामों में शिफ्ट करने के निर्देश दिए। साथ ही नवगठित पशु क्रूरता निवारण समिति का पंजीयन रजिस्ट्रार फर्म्स एवं सोसायटी रायपुर, छत्तीसगढ़ से अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश भी दिए। पुलिस अधीक्षक एवं समिति के पदेन उपाध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर ने बताया कि जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि पशु क्रूरता से संबंधित किसी भी घटना की जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि वर्षा ऋतु के दौरान मवेशियों के अधिक एकत्र होने वाले एवं दुर्घटना संभावित स्थलों पर सांकेतिक बोर्ड लगाए जाएं, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। बैठक में अतिरिक्त उपसंचालक पशुधन विकास विभाग डॉ. अशोक कुमार गबेल द्वारा समिति के सदस्यों को भारत सरकार द्वारा जारी पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960, 26 मार्च 2001 की अधिसूचना तथा संशोधित प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं उपसंचालक पशुधन विकास विभाग एवं पदेन सचिव डॉ. नदीम शम्स ने विभाग द्वारा संचालित गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि जिले में एबीसी सेंटर की स्थापना, रेबीज नियंत्रण कार्यक्रम तथा आवारा पशुओं के व्यवस्थापन हेतु नवीन गौधामों के प्रस्ताव गौसेवा आयोग रायपुर को भेजे गए हैं। समिति के मनोनीत सदस्य मयंक सिंह ठाकुर ने बताया कि गौसेवा समिति सक्ती द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गों के दुर्घटनाजन्य स्थलों पर लगाए जाने हेतु सांकेतिक बोर्ड तैयार करवाए गए हैं, जिनका उपयोग दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में किया जाएगा। बैठक में जिला पंचायत सक्ती सीईओ वासु जैन, वनमंडल अधिकारी जांजगीर-सक्ती हिमांशु डोंगरे, मुख्य नगरपालिका अधिकारी सक्ती, जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।




बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर अमृत विकास तोपनो एवं एसपी प्रफुल्ल ठाकुर।

### चौथी लाइन जोड़ने के चलते प्रभावित रहेंगी ट्रेनें

**जांजगीर-चांपा।** बिलासपुर-झारसुगुड़ा चौथी रेलवे लाइन परियोजना के तहत चांपा स्टेशन पर नॉन-इंटरकनेक्टिविटी और ऑटो सिग्नलिंग का काम किया जाना है। अधोसंरचना विकास के इस महत्वपूर्ण कार्य के कारण 7 जून से 19 जून के बीच रेल यातायात बुरी तरह प्रभावित रहेगी। इस ब्लॉक की वजह से बिलासपुर से गुजरने वाली 70 से अधिक एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों को रद्द किया गया है, जबकि कई गाड़ियां बीच रास्ते में समाप्त होंगी या देरी से चलेंगी। इस दौरान आजाद हिंद एक्सप्रेस, पुणे से 3 घंटे, सीएसएमटी-हावड़ा एक्सप्रेस ढाई घंटे और जनशताब्दी, हसदेव एक्सप्रेस गोंदिया, रायपुर से 2 घंटे की देरी से छूटेगी। इस अवधि में रेलवे ने यात्रियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए हसदेव एक्सप्रेस को कोरबा बिलासपुर के बीच पैसेंजर बनाकर चलाने का निर्णय लिया है।

# गांजा और नशीली दवाइयों की गिरफ्त में युवा पीढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

नगर सहित जिले के विभिन्न वार्डों और ग्रामीण क्षेत्रों में गांजा, नशीली दवाईयों के सिरप एवं अन्य मादक पदार्थों का अवैध कारोबार तेजी से फैलता जा रहा है। हालात यह हैं कि युवा पीढ़ी धीरे-धीरे नशे की गिरफ्त में पहुंचती जा रही है, जिससे उनका भविष्य अंधकारमय होने लगा है। नशे की लत के कारण आए दिन विवाद, मारपीट और असामाजिक घटनाओं में भी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है, जिससे आम लोगों में चिंता का माहौल बना हुआ है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर के कई क्षेत्रों में खुलेआम गांजा और नशीली दवाइयों की बिक्री हो रही है, लेकिन इस पर प्रभावी रोक नहीं लग पा रही है। सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि स्कूल और कॉलेज के छात्र भी इसकी चपेट में आते जा रहे हैं। अभिभावकों ने इसे समाज और आने वाले भविष्य के लिए गंभीर खतरा बताया है।

■ पुलिस अधीक्षक से विशेष अभियान चलाकर अवैध मादक पदार्थों की बिक्री पर सख्त कार्रवाई की मांग

आम लोगों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि पूरे जिले में विशेष अभियान चलाकर मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर सख्ती से रोक लगाई जाए। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो युवा पीढ़ी का भविष्य संकट में पड़ सकता है। नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से नियमित जांच अभियान, संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी एवं दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि जिले को नशा मुक्त बनाकर युवाओं का भविष्य सुरक्षित किया जा सके।

# कार्यकर्ताओं को दी गई पार्टी की रीति-नीति व सिद्धांत की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा ग्राम तेंदुआ धाम स्थित श्री राम मिलेंगे आश्रम में 19 एवं 20 मई को दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का शुभारम्भ संभाग संगठन प्रभारी जगदीश रामू रोहरा, वर्ग प्रभारी रजनीश सिंह संभाग अध्यक्ष सहकारिता बैंक,जिला संगठन प्रभारी रामदेव कुमावत, जिलाध्यक्ष अम्बेश जांगड़े, वर्ग नियंत्रक गुलाब सिंह चंदेल, प्रदीप शरफ के द्वारा भारत माता,प दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामप्रसाद मुखर्जी के तेलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर वंदे मातरम एवं राज्य गीत गाकर किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति नीति, सिद्धांत,संगठनात्मक संरचना की बारीकियों से अवगत कराया। रामु रोहरा ने बताया की भाजपा का कार्यकर्ता केंद्र एवं राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल तक एवं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने वाला सच्चा ध्वजवाहक होता है। रजनीश सिंह ने कार्यकर्ताओं को बताया यह प्रशिक्षण समाज और राष्ट्र के लिय मिल का पत्थर साबित होगा। उन्होंने सोशल मीडिया, मीडिया प्रबंधन की बारीकियां की जानकारी कार्यकर्ताओं को दी। पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व विकास वैचारिक मजबूती, संगठन विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जिलाध्यक्ष अम्बेश जांगड़े ने कार्यकर्ताओं के जिला पदाधिकारियों के कठिन परिश्रम की सराहना की तथा उन्होंने श्री राम मिलेंगे आश्रम के अध्यक्ष अनिल हरिवंश के प्रति आभार व्यक्त किया। सर्वप्रथम तीनों विधानसभा जांजगीर-चांपा, अकलतरा, पामगढ़ के सभी पदाधिकारियों का ऑनलाइन पंजीयन राकेश रूपवानी एवं उनकी टीम के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री नंद चौधरी ने कियाा। प्रशिक्षण में कमला देवी पाटले, धनंजय सिंह, पंकज अग्रवाल, रजनी साहू, समीर शुक्ला,आशुतोष गोस्वामी, लक्ष्मी देवांगन, नंदिनी रजवाड़े, विकास शर्मा,पुष्पेंद्र सिंह, संतोषी दुबे, राम खूबवानी, राकेश रूपवानी, प्रशांत सिंह,अमर सुलतानिया, चुन्नी लाल साहू,रवि पाण्डेय, राजेश्वर पाटले, आकाश सिंह, संतोषी सिंह, भुवनेश्वर साहू, नरेंद्र कौशिक, प्रदीप नामदेव, रेखा गढ़वाल, सत्यलता मिरी, जितेंद्र देवांगन, हितेश यादव, लोकेश शुक्ला, संतोष थवाईत, विश्वनाथ, शिवेंद्र सिंह, आनंद मिरी, गुरुदयाल पाटले, अभिमन्यु राठौर सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

■ राम मिलेंगे आश्रम तेंदुआ धाम में भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण महाभियान शुरु




प्रशिक्षण में उपस्थित कार्यकर्ताओं को जानकारी देते संभाग संगठन प्रभारी।

छग राज्य गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष ने प्रांतीय शास्त्रीय संगीत कार्यशाला का किया शुभारंभ

# संगीत की अनेक विधाओं को सीखने और समझने का प्राप्त होगा अवसर : राजेश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवरीनारायण

गायन, वादन एवं नृत्य का पांच दिवसीय प्रान्तीय शास्त्री संगीत कार्यशाला का आयोजन संस्कार भारती जिला इकाई शक्ती एवं नगर पंचायत शिवरीनारायण के संयुक्त तत्वावधान में सरस्वती शिशु मंदिर शिवरीनारायण मे किया गया है। इसका शुभारंभ छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास एवं अतिथियों ने किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी पवन सुल्तानिया ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ संगीत की देवी माता सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। ग्वालियर एवं खैरागढ़ सहित अनेक स्थानों से आए हुए कलाकारों द्वारा गायन, वादन एवं नृत्य प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को अपना आशीर्वचन प्रदान करते हुए राजेश्री महन्त ने कहा कि- यह हम शिवरीनारायण नगर वासियों का परम सौभाग्य है कि संस्कार भारती जिला इकाई शक्ती के द्वारा संगीत के प्रांत स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन इस नगर में हुआ है। यहां छत्तीसगढ़ राज्य सहित अन्य प्रान्तों से आए हुए प्रख्यात संगीत साधकों के द्वारा आप सभी को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, मुझे आशा ही नहीं अपितु पूरा विश्वास है कि इससे आप सभी को संगीत की अनेक विधाओं को सीखने और समझने का बहुत अच्छा अवसर प्राप्त होगा। लोगों को भागवताचार्य योगेश शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि शास्त्रों में कहा गया है कि साहित्य संगीत कला विहीनः साक्षात पशु पुच्छ विषाण हीनः। आचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने कहा कि संगीत ईश्वर की शक्ति है। लोगों को समाज सेवी सुबोध शुक्ला सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर ग्वालियर से शास्त्रीय गायन के लिए डॉक्टर यश देवले, तबला प्रशिक्षक खैरागढ़ से दीपक दास महंत, कथक नृत्यांगना सुश्री सीमा बरेठ, प्राचार्य बसंत देवांगन, शिक्षा जगत से श्री मिश्रा, जगदीश यादव, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, हर्ष दुबे सहित अनेक नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शरद पांडे एवं मनोज तिवारी ने किया। संस्था के अध्यक्ष के. आर. कश्यप ने आभार व्यक्त की।



कार्यक्रम को संबोधित करते छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष।

